**राजस्थान सरकार**
**उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप–1) विभाग**

क्रमांकः प.4(28)उद्योग/1/2025

**लोक सूचना**

औद्योगिक क्षेत्र सलारपुर में डीएफसी कॉरिडोर के साथ 40.00 मीटर चौडाई में जीसीटी कॉरिडोर हेतु राजस्व ग्राम सलारपुर की 4.1712 हैक्टेयर निजी भूमि के अधिग्रहण हेतु विशेषज्ञ समूह द्वारा की गयी अनुशंषा तथा SIA रिपोर्ट के विश्लेषण के आधार पर यह सुनिश्चित है कि:–

i. प्रश्नगत अवाप्ति 4.1712 हैक्टेयर की प्रस्तावित की गई है, जो न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप है।
ii. प्रश्नगत अवाप्ति से विस्थापित होने वाले व्यक्तियों की संख्या न्यूनतम है, इससे कम को विस्थापित किया जाना सम्भव नहीं है।
iii. प्रस्तावित भूमि अवाप्ति औद्योगिक क्षेत्र सलारपुर में डीएफसी कॉरिडोर के साथ 40.00 मीटर चौडाई में जीसीटी कॉरिडोर की स्थापना हेतु की जा रही है। यह अवाप्ति पूर्णतया सार्वजनिक प्रयोजनार्थ एवं लोकहित में है।
iv. सामाजिक खर्च एवं प्रतिकूल सामाजिक समाघातों की तुलना में भविष्य में होने वाले सम्भाव्य फायदे बहुत अधिक हैं।
v. ऐसा कोई पूर्व में अप्रयुक्त क्षेत्र पास में स्थित नहीं है।

अतः प्रश्नगत भूमि की अवाप्ति हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अनुशंषा की जाती है।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

**(महिपाल कुमार)**
**शासन उप सचिव**

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रबन्ध निदेशक, रीको, जयपुर।
1. जिला कलक्टर, खैरथल–तिजारा, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि उक्त लोक सूचना को जिला कलक्टर कार्यालय की सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।
2. उपखण्ड अधिकारी, टपूकडा, जिला खैरथल–तिजारा, राजस्थान।
3. तहसीलदार, टपूकडा, जिला खैरथल–तिजारा, राजस्थान।
4. ग्राम पंचायत सलारपुर, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल–तिजारा, राजस्थान।
5. भूमि अवाप्ति अधिकारी, रीको, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त लोक सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करवाते हुए प्रभावित क्षेत्रों में जनसाधारण की जानकारी हेतु चस्पानगी एवं प्रचार–प्रसार करवाया जाये।
6. ग्राम पंचायत सलारपुर, तहसील टपूकडा, जिला खैरथल–तिजारा, राजस्थान।
7. प्रोग्रामर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को प्रेषित कर लेख है कि इस अधिसूचना को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करावें।
8. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव**

RajKaj Ref No.: 23292744
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Mahipal Kumar
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.07.08 14:39:39 IST
Reason: Approved